हरिभूमि
# वनांचल भूमि
रायपुर, गुरुवार 14 नवंबर 2024

10 गुणवत्ताहीन बीज के कारण उत्पादन नहीं होने पर ...



11 युवाओं के साथ महिलाएं भी दिखा रही दमखम





## खबर संक्षेप



### राजस्व अधिकारियों व जिला अधिवक्ता संघ की हुई बैठक

**जगदलपुर।** जिला न्यायाधीश एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण अध्यक्ष मनीष कुमार ठाकुर के मार्गदर्शन में 14 दिसम्बर को आयोजित नेशनल लोक अदालत में अधिक से अधिक राजस्व प्रकरणों के निराकरण हेतु बस्तर जिले के सभी अनुविभागीय दण्डाधिकारी एवं तहसीलदारों की बैठक मध्यस्थता कक्ष में आयोजित की गई। राजस्व अधिकारियों को आगामी नेशनल लोक अदालत के व्यापक प्रचार-प्रसार करने एवं अधिक से अधिक राजस्व प्रकरणों के निराकरण के संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। अदालत में अधिक से अधिक प्रकरणों का निराकरण कर उक्त आयोजन को सफल बनाए जाने हेतु प्रधान जिला न्यायाधीश, अध्यक्ष द्वारा बुधवार को जिला अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष तथा पदाधिकारियों के साथ-साथ अधिवक्ता सदस्यों के मध्य ▶▶| शेष पेज 10 पर

कार्रवाई : बोधघाट पुलिस ने यूपी के दो शातिर को गिरफ्तार कर भेजा जेल

# यूपी के शातिरों ने फर्जी दस्तावेज बनवाकर छग पुलिस की नौकरी के लिए किया एप्लाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

छग में सरकारी नौकरी पानी के लिए यूपी के दो शातिर ने लगभग पांच माह पूर्व शहर के बहादुरगुड़ा क्षेत्र में किराए के मकान में रहना शुरू किया। इसके बाद कुछ निजी स्कूलों का सर्टिफिकेट तैयार किया और पार्षद से लिखवाकर निवास प्रमाणपत्र भी बनवा लिया। दोनों ने यूपी के आधारकार्ड में दर्ज निवास का पता भी बदलवा लिया। बोधघाट पुलिस को इसकी भनक लगने के बाद किराए के घर में दबिश देकर दोनों को हिरासत में लेकर पूछताछ की तो फर्जीवाड़े का खुलासा हुआ। फर्जीवाड़े का खुलासा करते हुए सीएसपी आकाश श्री श्रीमाल ने पत्रवार्ता में बताया कि

■ स्थानीय स्कूलों के फर्जी सर्टिफिकेट के जरिए बना लिया निवास प्रमाणपत्र



### जुर्म दर्ज, मामले में और हो सकती है गिरफ्तारी

दोनों ने पुलिस को बताया कि जगदलपुर में रहते हुए विभिन्न स्कूलों के फर्जी तरीके से कूट रचित दस्तावेज तैयार कर चल करते छग में नौकरी पाने की कोशिस कर रहे थे। दोनों के खिलाफ बोधघाट थाना में धारा 419, 420, 467, 471, 474,120 (इ) बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर न्यायालय में पेश किया गया। जहां से दोनों को न्यायिक रिमाण्ड में जेल भेजा गया।

फर्जी दस्तावेज के माध्यम से छग का निवास प्रमाणपत्र बनाकर सरकारी नौकरी की तलाश करने वाले यूपी के दो आरोपी को बोधघाट पुलिस ने गिरफ्तार किया है। दोनों ने प्रदेश के विभिन्न रिक्त सरकारी पदों में नियुक्ति के लिए आवेदन करने की सूचना पर एसपी शलभ कुमार सिन्हा व एससपी माहेश्वर नाग के मार्गदर्शन एवं सीएसपी आकाश श्री श्रीमाल के पर्यवेक्षण में थाना प्रभारी बोधघाट लीलाधर राठौर के नेतृत्व में तत्काल कार्रवाई के लिए टीम गठित किया गया था।

सीएसपी ने बताया कि यूपी के रहने वाले दोनों आरोपी ने स्थानीय विद्यापति अकादमी व बालबिहार स्कूल का कूटरचित फर्जी प्रमाणपत्र बना कर असली के रूप में उपयोग किया करते थे। मामले में आरोपी अनुज यादव 21 वर्ष निवासी सुल्तानपुर काजीपुर यूपी व अजय यादव 21 वर्ष निवासी शाहपुर मौनाथ भजन मऊ यूपी को ▶▶| शेष पेज 10 पर

# भारतीय प्राणी सर्वेक्षण ने 9 माह पूर्व मगरमच्छ की गणना की

## पर अब तक नहीं दी रिपोर्ट

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

बस्तर जिले के कांगेर घाटी राष्ट्रीय उद्यान में पहली बार भारतीय प्राणी सर्वेक्षण की टीम ने 9 माह पूर्व मगरमच्छों की गणना की। अब तक टीम ने गणना की रिपोर्ट उद्यान को नहीं दी है। इसके चलते वर्तमान में उद्यान के निदेशक अब स्थानीय स्तर से मगरमच्छ की गणना करेंगे। हालांकि मरगमच्छ को संरक्षण में

■ मरगमच्छ को संरक्षण में जुटे उद्यान से सटे गांव के युवा



उद्यान से सटे गांव के युवा जुटे हुए हैं। उद्यान में स्थित लगभग तीस किलोमीटर लंबी कांगेर नदी में डेढ़ दर्जन स्थान चिन्हित किए गए हैं, जहां मगरमच्छों का वास बताया गया है। भैंसादरहा (झीलनुमा गहराई वाला स्थल) ▶▶| शेष पेज 10 पर

## पाठक सूचना

हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

जगदलपुर
मो. 7000061711, 8817958580, 9131893124
नारायणपुर
मो. 9407740955, 9131893124
कोण्डागांव
मो. 7000312486, 9131893124
सुकमा
मो. 9425260296, 9131893124
दंतेवाड़ा
मो. 9425592636, 9131893124
बीजापुर
मो. 9131893124

प्रेसवार्ता: समाज बना रहा आंदोलन का मन

# धर्मसभा की अनुमति नहीं मिलने से मसीह समाज में आक्रोश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

मसीह समुदाय के धर्म प्रचारक डॉ. पॉल दिनाकरन की धर्मसभा को अनुमति नहीं मिलने से समाज के लोग आंदोलन का मन बना रहे हैं। इधर हिंदूवादी संगठन से जुड़े लोगों ने स्पष्ट कह दिया है कि जहां सभा करवाना है, उस पूरे इलाके के लोगों की जब तक लिखित सहमति नहीं मिल जाती, तब तक प्रशासन को भी अनुमति नहीं देनी चाहिए।

■ धर्म प्रचारक डॉ. पॉल दिनाकरन आने वाले थे




उक्त बातें ब्लेस बस्तर प्रार्थना महोत्सव के सचिव जितेन्द्र फाउलर सिंह, शैलेन्द्र, डॉ. अशीष चौरसिया, मनोज, अनिमेश दास आदि ने बुधवार को प्रेसवार्ता में कही। उन्होंने कहा कि दोनों ही संप्रदायों के ▶▶| शेष पेज 10 पर

# सुरक्षा निधि के कारण इस माह आ रहा भारी भरकम बिजली बिल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

इस माह भारी भरकम बिजली बिल देखकर कई उपभोक्ता चौंक रहे हैं। इस बार बिल में सुरक्षा निधि राशि जोड़ी गई है, जिसके चलते अधिकांश उपभोक्ताओं का बिल काफी बढ़ गया है। त्यौहार के बाद अचानक अधिक बिल के कारण बजट गड़बड़ा गया है।

■ हर साल बिजली बिल में जुड़ती है सुरक्षा निधि राशि

राज्य पॉवर वितरण कंपनी द्वारा बिजली उपभोक्ताओं से हर साल सुरक्षा निधि राशि ली जाती है। पूर्व में सुरक्षा निधि



### साल में एक बार ली जाती सुरक्षा निधि

विद्युत कंपनी जगदलपुर क्षेत्र के कार्यपालक निदेशक (ईडी) एसके ठाकुर ने कहा कि उपभोक्ताओं से साल में एक बार सुरक्षा निधि राशि ली जाती है। सुरक्षा निधि की राशि अधिक होने और उपभोक्ता द्वारा आग्रह किए जाने पर बिल का भार कम करने किस्त में लेने को भी कहा है। सुरक्षा निधि राशि पर उपभोक्ताओं को ब्याज भी मिलता है।

राशि अप्रैल-मई में ली जाती थी, पर गर्मी में भारी भरकम बिजली आने के कारण होने वाली दिक्कतों को देखते हुए कंपनी बंधन ने अक्टूबर-नवंबर में सुरक्षा निधि लेने का निर्णय लिया है। इसी के तहत अक्टूबर में की गई खपत के आधार पर इस माह सुरक्षा निधि राशि जोड़कर बिजली बिल जारी किया गया है। सुरक्षा निधि की वजह से ज्यादातर उपभोक्ता का बिजली बिल अधिक पावर वितरण कंपनी प्रबंधन द्वारा हर साल अक्टूबर से लेकर सितंबर तक की गई बिजली की खपत के आधार पर सुरक्षा निधि राशि ली जाती है। 12 माह की सुरक्षा निधि राशि को इस तरह समझें खपत का ▶▶| शेष पेज 10 पर



## खबर संक्षेप

### विजेता खिलाड़ियों को किया गया सम्मानित



**दंतेवाड़ा।** जिले के विकासखण्ड स्तरीय मेगा बस्तर ओलम्पिक प्रतियोगिता हाई स्कूल मैदान में चार दिवसीय 9 नवम्बर से 12 नवम्बर तक जिला प्रशासन के तत्वाधान में आयोजन किया गया। बस्तर ओलम्पिक में युवा बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। जिसका समापन 12 नवम्बर को किया गया। कार्यक्रम में अतिथियों के द्वारा विजेताओं को मोमेंटो, मेडल और प्रमाण पत्र प्रदाय कर जिला स्तरीय प्रतियोगिता में भाग लेने हेतु अग्रिम शुभकामनाएं दी गयी। बस्तर ओलम्पिक प्रतियोगिता में जूनियर वर्ग 14 वर्ष से 17 वर्ष बालक, बालिका और सीनियर वर्ग 17 वर्ष से ऊपर महिला, पुरुष के लिये कुल 11 विधाओं कुल 4916 प्रतिभागियों ने भाग लिया।

### आंगनबाड़ी केंद्रों के बच्चों द्वारा ईसीसीई गतिविधियों का प्रदर्शन



**दंतेवाड़ा।** 13 नवंबर को परियोजना स्तरीय ईसीसीई गतिविधियों का आयोजन गीदम में किया गया। बच्चों द्वारा कविता पाठ, बाल गीत, कहानी, चित्रकारी व आउट डोर गेम आदि गतिविधि किया गया। तोतले तोतले शब्दों में कविता कहानी बोलकर बच्चे बहुत खुश हुए। 3 से 6 वर्ष के बच्चों द्वारा मंच पर माइक से बोल पाना बहुत ही अतुलनीय है।

## निधन

### गणेश भारती



**भानपुरी।** बस्तर ब्लाक के सोरगांव निवासी गणेश भारती (56) का मंगलवार को निधन हो गया। वे पिछले कुछ दिनों से अस्वस्थ थे। उनकी पदस्थापना भी मा. शाला सोरगांव में ही थी। वे प्रधान पाठक के पद पर पदस्थ थे। उनकी अंतेष्टी मंगलवार को सम्पन्न हुई। जिसमें बड़ी संख्या में लोग शामिल हुए। वे शशी भारती पूर्व सरपंच के भाई थे।

### जिला स्तरीय प्रतियोगिता के लिए टीम का हुआ चयन

# युवाओं के साथ महिलाएं भी दिखा रही दमखम

हरिभूमि न्यूज ▸▸ सुकमा





बस्तर के युवाओं को खेलों के माध्यम से मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की पहल पर मुख्यधारा में जोड़ने सहित उनकी खेल प्रतिभा को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से बस्तर ओलंपिक का आयोजन किया जा रहा है।

इस अनूठी पहल का उद्देश्य पारंपरिक खेलों को बढ़ावा देना, खेल प्रतिभाओं को पहचानना और उन्हें मुख्यधारा से जोड़कर उनके विकास का मार्ग प्रशस्त करना है। इसकी शुरुआत सुकमा जिले के विकासखण्ड छिंदगढ़, सुकमा और कोंटा में हो चुकी है। गांव-गांव से सीधे विकाखण्ड स्तर पर खेलने आये लोगों में उल्लास और जोश का संचार कर रहा है, जिसमें बच्चे, बड़े, महिलाएं और बुजुर्ग सभी बड़े उत्साह के साथ हिस्सा ले रहे हैं। बस्तर ओलंपिक में कबड्डी, ऊंची कूद, लंबी कूद, रस्साकसी, खो-खो, फूटबाल, वॉलीबाल और तीरंदाजी जैसे खेल शामिल किए गए हैं।

इन खेलों का आयोजन न केवल बच्चों और युवाओं के बीच लोकप्रिय हो रहा है बल्कि महिलाओं और बुजुर्गों में भी जबरदस्त क्रेज देखा जा रहा है। बस्तर ओलंपिक के रूप में ये खेल संस्कृति और एकता के प्रतीक बन गए हैं, जो बस्तर क्षेत्र में विशेष महत्व रखते हैं।

### टीम की एकता और सहयोग ने दिलाई जीत

इसी गांव की हिरमलता नाग ने बताया कि उन्होंने कबड्डी खेल में भाग लिया और सामूहिक रूप से बेहतर प्रदर्शन करते हुए जीत हासिल की। अब उनकी टीम जिला स्तर पर होने वाली प्रतियोगिता में खेलने के लिए चयनित हुई है, जिसे लेकर वे काफी उत्साहित हैं। उन्होंने कहा हमारा प्रदर्शन हमारी एकता और सहयोग का परिणाम है। इस जीत ने हमें प्रोत्साहित किया है और हम अब जिला स्तर पर भी अच्छे प्रदर्शन का लक्ष्य लेकर आगे बढ़ रहे हैं।

### लक्ष्मी की तीरंदाजी में भागीदारी पुरानी यादें हुई ताजा

छिंदगढ़ विकासखण्ड के ग्राम मारेगा की निवासी श्रीमती लक्ष्मी नाग ने तीरंदाजी स्पर्धा में हिस्सा लिया। उन्होंने कहा इस आयोजन ने हमारे बचपन की पुरानी यादें ताजा कर दी। तीरंदाजी हमारे गांव की परंपरा का हिस्सा रही है, जिसका उपयोग पहले शिकार के लिए किया जाता था। बचपन से ही मेरी इच्छा थी कि मैं भी तीरंदाजी में हिस्सा लूं। अब इस आयोजन ने मेरी इच्छा पूरी कर दी। लक्ष्मी नाग ने इसके लिए मुख्यमंत्री साय का आभार प्रकट किया।

### ग्रामीण क्षेत्रों में ऊर्जा और उमंग का संचार

रस्साकसी में भी महिला वर्ग की टीम ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। उन्होंने अपने जोश और एकजुटता का परिचय देते हुए जीत दर्ज की। महिला टीम की सदस्य लक्ष्मी बघेल उम्र 40 ग्राम पंचायत मारेगा ने कहा कि हम इस आयोजन के लिए बहुत खुश हैं और जिला स्तर पर खेलने का मौका मिलने से गर्व महसूस कर रहे हैं। बस्तर ओलंपिक में युवा वर्ग का भी खासा उत्साह देखने को मिल रहा है। युवाओं का कहना है कि ये खेल हमारी संस्कृति को संजोने और मजबूत करने का काम कर रहे हैं। इस आयोजन के माध्यम से नई पीढ़ी को परंपरागत खेलों के प्रति आकर्षित किया जा रहा है, जो हमारी जड़ों को मजबूत बनाने में सहायक है। बस्तर ओलंपिक के आयोजन ने पूरे जिले में एक नई ऊर्जा का संचार किया है। ग्रामीण क्षेत्रों में लोगों का जोश और उमंग देखकर स्पष्ट होता है कि खेल हमारे जीवन में सिर्फ मनोरंजन का साधन नहीं, बल्कि हमारी संस्कृति और परंपरा को संजोने का माध्यम भी हैं। बस्तर ओलंपिक ग्रामीणों को अपने पारंपरिक खेलों सहित मुख्यधारा से जोड़ रहा है।

बस्तर ओलंपिक में मुख्य रूप से बस्तर संभाग के जनजातीय बहुल और माओवादी प्रभावित क्षेत्रों के युवाओं को शामिल किया गया है। इन क्षेत्रों में खेल प्रतिभाएं नैसर्गिक रूप से पाई जाती हैं। इस आयोजन के माध्यम से राज्य सरकार का प्रयास है कि इन युवाओं की रचनात्मक खेल प्रतिभा को निखारा जाए और उन्हें खिलाड़ी के रूप में तैयार कर एक पहचान दी जाए।

## एनएमडीसी स्थापना दिवस पर दीर्घ सेवा पुरस्कार वितरण



हरिभूमि न्यूज ▸▸ बचेली



देश की प्रमुख लौह अयस्क खनन कंपनी एनएमडीसी के 67वें स्थापना दिवस के अवसर पर एनएमडीसी बचेली में मंगलवार को भव्य सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन हुआ। इस अवसर पर निगम में दीर्घ काल सेवा अवधि पूर्ण करने वाले कार्मिकों को दीर्घ सेवा पुरस्कारों से सम्मानित किया गया।

एनएमडीसी बचेली परियोजना प्रमुख बी वेंकटेश्वरलु, अधिशासी निदेशक के मुख्य आतिथ्य में आयोजित हुए। स्थापना दिवस के इस कार्यक्रम में एनएमडीसी बचेली वर्क्स परियोजना प्रमुख रवीन्द्र नारायण, मुख्य महाप्रबंधक, परियोजना के विभिन्न विभागाध्यक्ष, श्रमिक संघों के पदाधिकारीगण, विभिन्न अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे।

स्थापना दिवस कार्यक्रम में परियोजना स्थित विभिन्न विद्यालयों यथा शिखर बाल विद्या मंदिर, डीएवी स्कूल, केंद्रीय विद्यालय एवं प्रकाश विद्यालय के छात्र- छात्राओं द्वारा मनमोहक सांस्कृतिक नृत्य प्रस्तुत किए गए।

एनएमडीसी की सेवा में 20 वर्ष, 25 वर्ष, 30 वर्ष तथा 35 वर्ष की दीर्घ अवधि पूर्ण करने वाले सभी कार्मिकों को मुख्य अतिथि बी वेंकटेश्वरलु, अधिशासी निदेशक के करकमलों द्वारा दीर्घ सेवा पुरस्कार से सम्मानित किया गया। मुख्य अतिथि बी वेंकटेश्वरलु, अधिशासी निदेशक ने अपने संबोधन में सभी गणमान्य उपस्थितियों के प्रति एनएमडीसी स्थापना दिवस की शुभकामनाएं व्यक्त करते हुए निगम की सेवा में दीर्घ अवधि पूर्ण करने वाले सभी कार्मिकों के योगदान को रेखांकित किया एवं दीर्घ सेवा पुरस्कार प्राप्त करने पर बधाई दी। कार्यक्रम के अंत में सौरभ कुमार, उप महाप्रबंधक कार्मिक ने मुख्य अतिथि एवं अन्य सभी गणमान्य उपस्थितियों के प्रति धन्यवाद ज्ञापित किया।

# बस्तर ओलंपिक खेल चिंगपाल में हुआ समापन






हरिभूमि न्यूज ▸▸ दरभा

दरभा विकासखंड में चल रहे बस्तर ओलंपिक खेल का आयोजन 11 एवं 12 नवंबर को किया गया। जिसका शुभारम्भ चित्रकोट विधायक विनायक गोयल के द्वारा किया गया था। जिसमें सीनियर एवं जूनियर वर्ग के खिलाड़ियों की अहम भूमिका रही। व्यक्तिगत एवं सामूहिक खेल में चारों जोन के प्रतिभागियों ने अपने उत्कृष्ट खेल का प्रदर्शन किया। बस्तर ओलंपिक में शासन द्वारा निर्धारित खेलों को निर्धारित मापदंड के आधार पर खिलाया गया। चारो जोन के समस्त व्यक्ति गत एवं सामूहिक खेलों में जिला स्तरीय हेतु उत्कृष्ट खिलाड़ियों का चयन भी किया गया। कार्यक्रम का समापन बस्तर सांसद महेश कश्यप के गरिमामई उपस्थिति में किया गया। सांसद अपने उद्बोधन में खेल का व्यक्ति के जीवन पर महत्त्व के बारे में खिलाड़ियों को बताया की हार और जीत दोनों से ही हमें प्रेणा मिलती है, साथ ही उन्होंने ये भी बताया की मैं एक छोटे से गांव में कबड्डी खेलकर राष्ट्रीय स्तर में भी कबड्डी खेलकर नेशनल स्तर तक खेल चूका हूँ इसलिए आप भी अच्छा खेल का प्रदर्शन करे ताकि आप भी बड़े स्तर तक के आयोजन में खेल का प्रदर्शन कर अपने विकासखंड एवं जिला एवं राज्य का नाम रोशन करें। रोशन कर उज्ज्वल भविष्य बना सकते है। इस कार्यक्रम में विकास खंड के समस्त जनप्रतिनिधि एवं जिला के समस्त जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे। इसके साथ ही बस्तर ओलंपिक को शानदार निर्विवाद कराने में विकासखंड के समस्त अधिकारी एवं कर्मचारियों ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। इसके साथ ही खिलाड़ियों एवं समस्त कर्मचारियों के लिए भोजन व्यवस्था समस्त ग्राम पंचायतों के सचिवों एवं छात्रावासों के अधीक्षकों के सहयोग से भोजन व्यवस्था की गई थी। विजेता खिलाड़ियों को ट्रापी एवं प्रमाण पत्र एवं पदक से सम्मानित किया गया। पूरे खेल के आयोजन में मुख्य कार्यपालन अधिकारी दरभा जनपद पंचायत की अहम भूमिका रही। उन्होंने दरभा विकासखंड के सभी कर्मचारियों का आभार प्रकट किया।

# धूमधाम से मनाया गया देवउठनी एकादशी

हरिभूमि न्यूज ▸▸ गीदम



कार्तिक माह की शुक्ल पक्ष एकादशी को देवउठनी एकादशी तथा तुलसी विवाह का पर्व धूमधाम से मनाया गया। देवउठनी एकादशी के अवसर पर सुबह से ही बाजार व दुकानों में काफी भीड़ रही। लोगों ने दिन भर उपवास रखा। लोगों ने अपने घर के तुलसी चौरा की साफ-सफाई तथा पुताई कर तुलसी माता की पूजा अर्चना की और तुलसी माता को नई फसल का चावल, गन्ना, चना भाजी, आवंला, कच्चा सिंघाड़ा, आदि अर्पित किया।

घरों में दीप प्रज्वलित किये गए और बच्चों ने जमकर आतिशबाजी की। पौराणिक मान्यता के अनुसार कार्तिक माह की एकादशी के दिन ही भगवान विष्णु चार माह की क्षीर निंद्रा के बाद सोकर उठते है, इस कारण ही इसे देवउठनी एकादशी कहा जाता है। इसी दिन से हिन्दू धर्म में मांगलिक कार्य जैसे विवाह, गृहप्रवेश, नामकरण आदि की शुरुआत होती है। नगर में देवउठनी एकादशी पर्व के लिए सुबह से ही दुकानों में ख़रीददारी देखी गई। बाजार में आम दिनों की अपेक्षा अधिक भीड़ भाड़ रही। पर्व के मद्देनजर नगर में गन्ना तीस से सौ रुपये प्रति नग तक बेचा गया। दुकानदारों ने सभी पूजन सामग्रियों की कीमतों में सामान्य दिनों की अपेक्षा में बढ़ोतरी कर दी थी। तुलसी पूजन के बाद जमकर आतिशबाजी हुई।

Gomti THRESHERS
किसान की पसंद
6&7 फेन
बुकिंग प्रारंभ
पैडी मल्टीक्राप थ्रेशर
7 पंखों वाला थ्रेशर मात्र
2 लाख से प्रारंभ
4 चक्का एवं 2 चक्का ट्राली भी उपलब्ध
पैरा दूर फेंके
उत्तम धान निकासी
शून्य रखरखाव
एक्सचेंज एवं फाईनेंस सुविधा उपलब्ध
गोमती एग्रो इण्डस्ट्रीज, रायपुर (छ.ग.)
8819840000

# महिला डॉक्टर पहुंची नक्सल प्रभावित केरलापेंदा व लखापाल

हरिभूमि न्यूज ▸▸ कोण्टा

जिले के अतिनक्सल प्रभावित चिंतलनार थाना क्षेत्र के केरलापेंदा व लखापाल में इन दिनों मौसमी बीमारी से सैकड़ों लोग ग्रसीत है। जिसके सूचना मिलने पर सीआरपीएफ के कमांडेंट हिमांशु

■ मौसमी बीमारियों से ग्रसित ग्रामीणों के उपचार के लिए आयोजित किया कैम्प




पांडे के निर्देशन पर केरलापेंदा व लखापाल में मेडिकल कैम्प लगया गया। जिसमें वाहिनी के एमबीबीएस महिला डॉक्टर मनोगना टी. के द्वारा एवं अस्सिटेंट कमांडेंट रोशन लाल किरत बोपाराय के मौजूदगी में मेडिकल कैम्प लगाया गया। जिसमें सैंकड़ो ग्रामीणों ने स्वस्थ्य जांच व निशुल्क दवा प्राप्त किया। वही आस पास के करीब पांच सौ से अधिक ग्रामीणों इस मेडिकल कैम्प में स्वास्थ्य लाभ लिया।

महिला एमबीबीएस डॉक्टर जो इन दिनों सीआरपीएफ 74वीं वाहिनी में पदस्थ है। जिसके द्वारा केरलापेंदा व लखापाल पहुंच कर वहां ग्रामीणों की सेवा कर रही है। वहीं वाहिनी के कमांडेंट हिमांशु पांडे के मार्गदर्शन व निर्देशन में क्षेत्र की सुरक्षा के साथ ग्रामीणों की भी निशुल्क उपचार किया जा रहा है। ताकि इस मौसमी बीमारियों से ग्रामीणों को स्वास्थ्य लाभ पहुंचाया जा सके। जहां बड़ी संख्या में ग्रामीण पहुंच कर उपचार करवा कर स्वास्थ्य लाभ लिया। जहां उन्हें निशुल्क दवाइयां भी उपलब्ध कराई गई। पहली बार एक महिला एमबीबीएस डॉक्टर केरलापेंदा व लखापाल जैसे नक्सल प्रभावित क्षेत्र में पहुंच आम नागरिकों को स्वास्थ्य लाभ पहुंचा रही डॉक्टर ने कहा कि इन क्षेत्रों में प्रयाप्त सुविधाएं नहीं होने के कारण मौसमी बीमारियों से उपचार कराने में ग्रामीणों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। जिसे देखते हुए कमांडेंट हिमांशु पांडे के निर्देशन में मेडिकल कैंप का आयोजन किया गया जिसमें ग्रामीणों को निःशुल्क उपचार करते हुए दवाइयां दी गई। वहीं उन्हें इस मौसम में साफ सफाई पर ध्यान देने स्वच्छ पानी पीने व मच्छरों से बचाव हेतु मच्छरदानी का उपयोग करने की समझाइश भी दी गई। सीआरपीएफ 74वी बटालियन के कमांडेंट हिमांशु पांडे ने बताया कि हमारी वाहिनी को केरलापेंदा व लखापाल के क्षेत्र की सुरक्षा के लिए तैनात किया गया ताकि इन क्षेत्रों का विकास हो सके और ग्रामीणों को मूलभूत सुविधाओं से वंचित ना हो पाए वहीं क्षेत्र वासियों के जरूरत के अनुसार सिविक एक्शन प्रोग्राम के माध्यम से हम सेवा भी करते रहते है।

Health Town
K'sagar's श्रेयन आयुर्वेद व पंचकर्म चिकित्सालय
श्री श्रेयन आयुर्वेद
Panchkarma & Wellness Centre
(संतुलन से भरा आयुर्वेद, स्वथ्य जीवन का राज)
वैद्य- डॉ. पल्लवी क्षीरसागर
MD आयुर्वेद (पुणे)
Timing- (11-8) by Appointment
Mob: 9111922122, 9111912122, 0771-3558564
पता :- B-22, जगन्नाथ मंदिर के पीछे, गायत्री नगर, रायपुर (छ.ग.)

राज-राजेश्वरी आयुर्वेदिक चिकित्सा केन्द्र
(22 वर्षों से क्षेत्र में अनुभवी चिकित्सक)
न्यूरो-पंचकर्मा चिकित्सा केन्द्र, रायपुर मो. 9039050422, 91794 55561
डॉ. के.बी. श्रीनिवास राव
INTL Ayurvedic Consultant
राज्य अलंकरण अवार्ड से सम्मानित
• स्लीप डिस्क, आर्थराइटिस • Back Pain, सायटिका • जोड़ो में दर्द, मांसपेशियों में दर्द
• जकड़न (Stiffness) व नशों का दबना • टेंडन एवं लिगामेंट इंजरी • सर दर्द, पॅरालिसीस • स्पांडिलाइटिस • गठिया रोग
अशोक विहार, स्ट्रीट नंबर 5, सरस्वती दाल मिल के सामने, मंडी गेट के सामने, पंडरी रायपुर। मनसा चैम्बर्स, कल्याण हॉस्पिटल के पीछे, बिलासपुर रोड, फाफाडीह रायपुर।

# विधायक ने किया अलेख महिमा मंदिर का उद्घाटन

हरिभूमि न्यूज ▸▸ भोंड



विकासखण्ड बस्तर के अंतर्गत ग्राम पंचायत ईच्छापुर-2 में अलेख महिमा के माता बहनें एवं सदस्यों द्वारा ग्राम चौक में बस्तर विधायक लखेश्वर बघेल का नाच-गान नृत्य के साथ तिलक लगाकर भव्य स्वागत किया गया।

आश्रम से आये बाबाओं की चरण स्पर्श कर बस्तर विधायक ने लोगों की सुख समृद्धि एवं मंगलकामना के साथ आशीर्वाद प्राप्त किया। अलेख महिमा के साथ दिव्य प्रवचन देकर बाबा ने समाज को जागरूक करने का संदेश दिया।

बस्तर विधायक लखेश्वर बघेल ने कहा की महात्मा भीम भोई के शिष्य बाबा उदयनाथ ने काडसर के जंगल में एक कुटिया बनाकर छत्तीसगढ़ में इस पंथ का विस्तार किया था। आज बाबा उदयनाथ गौ सेवक के रूप में विख्यात हैं। उनका आश्रम अलेख महिमा गौशाला के रूप में विकसित हुआ है। श्री बघेल ने कहा की पंथ के प्रमुख बाबा उदयनाथ कहते हैं कि 1998 में इसकी शुरुआत 20 से 30 लोगों के साथ हुई थी। निराकार शून्य की आराधना करने वाला यह पंथ योग साधना और संतुलित आहार पर केंद्रित है आज समूचे बस्तर जिला के साथ-साथ दूसरे जिला एवं राज्यों में भी लोग अपनी आस्ता रखते हुए बड़ी संख्या में लोग बाबाओं की प्रेरणा से प्रेरित हो रहे हैं। मानव जीवन में एक अच्छे कार्य करने हेतु ही यह जीवन हमें प्राप्त होता हैं। इस दौरान मौजूद रहे मानसिंह कवासी, रुपसाय कोर्राम, बुदरू बघेल, जितेंद्र तिवारी, राजेश कुमार एवं समस्त अलेख महिमा के सदस्यगण उपस्थित रहे।

## शपथ पत्र

मैं केशमती पिता सादुराम, आयु-28 वर्ष, जाति-मुरिया पता ग्राम-भेजा पोस्ट-बिन्ता तहसील लोहण्डीगुड़ा, जिला-बस्तर छ.ग. कि निवासिनी हूं। जो कि शपथपूर्वक निम्न कथन व्यक्त करती हूं कि :-

1. यह कि मैं उपरोक्त पते की निवासिनी हूं।
2. यह कि मैंने B.sc. Nursing कि पढ़ाई Central India College Of Nursing Rajnandgaon (C.G.) से की हूं।
3. यह कि उक्त Nursing Course का रजिस्ट्रेशन सर्टीफिकेट (Registration Certificate) को Renewal कराने के लिए Original Registration को जगदलपुर पोस्ट ऑफिस में 16/07/2024 को रायपुर संचालनालय में भेजी थी। रायपुर संचालनालय से Renewal होकर मेरे Address-भेजा पोस्ट बिन्ता दिनांक 12/08/2024 को भेजा गया है। जो कि लोहण्डीगुड़ा पोस्ट ऑफिस से कहीं गुम हो गया है। Tracking ID EC 353335327IN से Track करने से पता चला कि 30/08/2024 को लोहण्डीगुड़ा पोस्ट ऑफिस में पहुंच गया है, प्रस्तुत आज 12/11/2024 तक मुझे अप्राप्त मिला।
4. यह कि उपरोक्त के समर्थन में यह शपथपत्र प्रस्तुत है।

शपथकर्ता

HCC Hearing Care Center IS NOW हिअरज़ॅप™
आज ही मुफ्त श्रवण परीक्षण कराएं।
47 YEARS OF TRUST
130+ EXPERIENCE CENTRES PAN INDIA
PHILIPS
Google Rating
PHILIPS REXTON HEARING AIDS AVAILABLE
9659 455 455
▸ श्रवण यंत्र पर भारी छूट ▸ कोक्लियर इम्प्लांट (परामर्श) ▸ स्पीच थेरेपी
हमारी स्टोर छत्तीसगढ़ में: अंबिकापुर • भिलाई • बिलासपुर • रायपुर • जगदलपुर • कोरबा
MAHARASHTRA | TAMILNADU | KERALA | KARNATAKA | ANDHRA PRADESH
TELANGANA | WEST BENGAL | BIHAR | JHARKHAND | CHHATTISGARH

Trust the Expert
DR. MANOJ AGARWALA'S SKIN & HAIR CLINIC
डॉ. मनोज अग्रवाला
एमडी (सीएमसी वेल्लोर)
(गोल्ड मेडलिस्ट)
स्किन क्लिनिक
सेवाएं
मुहांसे ❖ सोरायसिस ❖ स्किन एलर्जी ❖ पिगमेंटेशन
विटिलिगो/ ल्यूकोडरमा ❖ पीआरपी थेरेपी ❖ एलोपेसिया
अर्टीकेरिया ❖ फंगल इनफेक्शन ❖ टेली कंसलटेशन ❖ लेजर थेरेपी
चौबे कॉलोनी, रायपुर (छ.ग.)
0771-4003777, 77778-76292

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771- 4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप

### धान खरीदी की तैयारी की समीक्षा



**जगदलपुर।** मुख्य सचिव अमिताभ जैन ने वीडियो कान्फ्रेसिंग के माध्यम धान खरीदी की तैयारी की समीक्षा की। साथ ही स्वच्छ छत्तीसगढ़ शहरी-ग्रामीण क्षेत्रों में सॉलिड लिक्विड वेस्ट मैनेजमेंट, केडस्ट्रल मैप्स की जिओ रीफ्रेसिंग कार्य की प्रगति, सड़क दुर्घटना-आवारा मवेशी नियंत्रण हेतु कार्रवाई, जल जीवन मिशन के महत्वपूर्ण संकेतकों तथा शत प्रतिशत एफएचटीसी प्राप्त करने वाले पंचायतों-ग्रामों की प्रगति, प्रदेश में आय, जाति, निवास, जन्म, मृत्यु प्रमाण पत्र का सेचुरेशन अभियान के संबंध में आवश्यक निर्देश दिए। जिला कार्यालय के एनआईसी कक्ष में कलेक्टर हरिस एस, नगर निगम आयुक्त निर्भय साहू सहित संबंधित विभाग के जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

### लीज निरस्त करने ग्रामीणों ने सौंपा ज्ञापन



**दंतेवाड़ा।** संयुक्त पंचायत जनसंघर्ष समिति बैलाडीला क्षेत्र के बैनर तले बड़ी संख्या में ग्रामीण कलेक्टोरेट पहुंचे। समिति के पदाधिकारियों तथा प्रभावित गांव के ग्रामीणों ने संयुक्त रूप से रायपुर को आबंटित लीज निरस्त करने के लिए राष्ट्रपति, राज्यपाल, राष्ट्रीय अध्यक्ष अनुसूचित जनजाति आयोग नई दिल्ली के नाम अपर कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा। इस दौरान एसडीएम व तहसीलदार उपस्थित रहे। ज्ञापन के माध्यम से उन्होंने कहा कि ग्राम पंचायत गुमियापाल आश्रित ग्राम आलनार तहसील बड़े बचेली स्थित रकबा 31.55 हेक्टेयर खसरा नम्बर 416.417 एवं 418 आयरन ओर कंपनी रायपुर को आबंटित हो चुका है जो कि ग्रामवासियों की असहमति के बाद भी फर्जी ग्राम सभा में प्रस्ताव पारित कर लीज आबंटित किया गया है।

### भाजपा संगठन चुनाव, कार्यशाला में शामिल हुये प्रदेशाध्यक्ष

# संगठन चुनाव अत्यंत महत्वपूर्ण गंभीरता से हो सभी कार्य : देव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

- प्रथम चरण में प्रत्येक बूथ में बनेगी समिति, जगदलपुर के 98 बूथ के चुनाव प्रभारी, सहप्रभारी नियुक्त





भारतीय जनता पार्टी में संगठन चुनाव के लिये प्रथम चरण में प्रत्येक बूथ में बूथ समिति के चुनाव होंगे। जिसके लिये प्रारंभिक तैयारियां तेज हो गयी है। बुधवार को भाजपा जिला कार्यालय में नगर मण्डल के अन्तर्गत आने वाले 98 बूथ में होने वाले बूथ समिति निर्वाचन के लिये कार्यशाला हुई। जिसमें विशेष रूप से भाजपा प्रदेश अध्यक्ष व विधायक किरण देव उपस्थित रहे। देव ने संगठन चुनाव को सर्वोपरि बताते हुये बूथ समिति निर्वाचन कार्य को निर्धारित समय में तय मापदण्डों के साथ पूर्ण करने कहा। उन्होंने कार्यशाला में कहा कि भाजपा का सदस्यता अभियान सफलता पूर्वक संपन्न हो रहा है। प्राथमिक सदस्यता के साथ सक्रिय सदस्यता का काम पूर्णता की ओर है। संगठन चुनाव की समस्त प्रक्रिया महत्वपूर्ण है, जिसमें सबसे पहले बूथ समिति निर्वाचन होने है, जिसे गंभीरता से समय पर संपन्न करना है। नगर मण्डल के 15 शक्ति केन्द्र स्तर पर बनाये गये चुनाव प्रभारी व सहप्रभारी की जानकारी ली और सभी को बूथ समिति निर्वाचन कार्य बिन्दु बाबत अवगत कराया।

कार्यशाला को सांसद महेश कश्यप, नगर मण्डल अध्यक्ष सुरेश गुप्ता ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम का संचालन मण्डल महामंत्री संग्राम सिंह राणा व आभार प्रदर्शन मण्डल उपाध्यक्ष राकेश तिवारी ने किया।

इस दौरान विद्याशरण तिवारी, योगेन्द्र पाण्डेय, वेदप्रकाश पाण्डेय, महापौर सफीरा साहू, नरसिंह राव, मनोहर तिवारी, आर्येन्द्र आर्य, दीप्ति पाण्डेय, सुधा मिश्रा, शशिनाथ पाठक, आलोक अवस्थी,राजपाल कसेर, दिगम्बर राव, निर्मल पाणिग्रही,मोतीलाल बघेल, यशवर्धन राव, धनसिंह नायक, रीना घोष, ममता पोटाई, प्रमीला कपूर, बसंती नायक, महेन्द्र पटेल, शंभू नाग, नरेंद्र पाणिग्रही, रंजीत पाण्डेय, योगेश ठाकुर, अभय दीक्षित, प्रकाश झा, संतोष बाजपेयी, श्रीपाल जैन, लाला महावर, रितेश सोनी, योगेश शुक्ल, खेमसिंह देवांगन, राजा यादव, अशोक नेताम, गोविन्द ईनाणी,आशुतोष पाल, सूर्य भूषण सिंह, रौशन झा,अमर झा, दिलीप झा,कौशिक शुक्ल,रामकुमार मण्डावी, वीरू शर्मा, मनोज ठाकुर,शैलेष श्रीवास्तव,कमल पटवा, श्रीष मिश्रा, हरीश पारेख, कृष्णा ठाकुर, विनोद पाण्डेय, सुरेश मिश्रा,दशरथ गुप्ता, भुवनेश्वर ध्रुव, गणेश काले समेत कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## 360 घर आरण्यक ब्राह्मण समाज के वेद प्रकाश बने अध्यक्ष



हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

360 घर आरण्यक ब्राह्मण समाज के वर्तमान प्रबंध कार्यकारिणी का कार्यकाल पूरा होने के पर श्रीजगन्नाथ मंदिर में आज आहूत बैठक में समाज के संचालक पदेन पानीग्राही राधाकांत पानीग्राही एवं पदेन पाढी उमाशंकर पाढ़ी एवं पूर्व अध्यक्ष दिनेश पानीग्राही एवं हेमंत पांडे के मार्गदर्शन एवं वर्तमान 360 घर आरण्यक ब्राह्मण समाज के अध्यक्ष ईश्वर खंबारी की अध्यक्षता में समस्त क्षेत्रीय समितियां के पदाधिकारी एवं समाज के सम्मानित सदस्यों की उपस्थिति में क्षेत्रिय समितियों से प्राप्त सूचि के आधार पर नवीन प्रबंध कार्यकारिणी का गठन सर्वसम्मति किया गया। जिसमें 360 घर आरण्यक ब्राह्मण समाज के वेद प्रकाश पांडे निवासी ग्राम गुमडेल को अध्यक्ष पद हेतु चयन किया गया। इसी तरह उपाध्यक्ष पद के लिए जिवेंद्र कुमार पांडे ग्राम गुनपुर सचिव पद के लिए देवशंकर पंडा ग्राम आसना सहसचिव पद के लिए संतोष पात्र कोंडागांव एवं कोषाध्यक्ष पद के लिए धनेश्वर जोशी जगदलपुर एवं समाज के दो महिला सदस्य के रूप में श्रीमती माहेश्वरी पांडे ग्राम करितगांव को एवं श्रीमती कांति पांडे जगदलपुर का सर्वसम्मति से समाज के सम्मानित सदस्यों के द्वारा चयन किया गया। इसके साथ ही एक अन्य प्रबंध कार्यकारिणी का भी चयन किया गया है, जिसका अनुमोदन समाज के महासभा में किये जाने के साथ ही नवीन प्रबंध कार्यकारिणी के साथ आगामी कार्यकाल के लिए कार्य करेगी।

360 घर आरण्यक ब्राह्मण समाज के अध्यक्ष ईश्वर खंबारी ने बताया कि समाज के कई दौर की बैठकों एवं विधिवत कार्यवाही के बाद समाज की नई कार्यकारिणी का चयन सर्वसम्मति से समाज के सम्मानित सदस्यों के द्वारा किया जाना समाज के संगठन एवं समाज के उत्तरोत्तर विकास के लिए शुभ संकेत है। शपथ ग्रहण के बाद 360 घर आरण्यक ब्राह्मण समाज के नवीन प्रबंध कार्यकारिणी अपना कार्यभार संभालेगी।



जगदलपुर। नवपदस्थ आयुक्त निर्भय कुमार साहू बुधवार को निगम कार्यालय पहुंच पदभार ग्रहण किया।

## जगन्नाथ मंदिर में भगवान शालीग्राम के साथ तुलसी विवाह संपन्न

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर




श्रीजगन्नाथ मंदिर में 360 घर आरण्यक ब्राह्मण समाज के द्वारा श्रीशुभ तुलसी विवाह का आयोजन आज बुधवार को किया गया। मंदिर में सुबह से ही ब्राह्मणों के द्वारा वैदिक मंत्रोचार के साथ विधि-विधान के साथ भगवान शालीग्राम के साथ श्रीशुभ तुलसी विवाह जारी रहा। वर पक्ष भगवान शालीग्राम की ओर से बीम्बाधर-जानकी पांडे तीतिरगांव एवं वधु पक्ष श्रीशुभ तुलसी की ओर से भूपेंद्र-नीता जोशी मालगांव के द्वारा विवाह के रस्मों का निर्वहन किया गया। 360 घर आरण्यक ब्राह्मण समाज के अध्यक्ष ईश्वर खंबारी ने बताया कि परंपरानुसार प्रति वर्ष की भांति इस वर्ष भी समाज के सदस्यों की उपस्थिति में पंडित बसंत पंड़ा के द्वारा भगवान शालीग्राम एवं माता तुलसी का श्रीशुभ विवाह विधि-विधान पूर्वक संपन्न करवाया गया।

इस दौरान समाज के आत्माराम जोशी, दिलेश्वर पांडे, जगदलपुर क्षेत्रीय अध्यक्ष विवेक पांडे, राकेश पांडे, सुदर्शन पाणिग्राही, बनमाली पाणिग्राही, नरेन्द्र पाणिग्राही, गजेन्द्र पाणिग्राही, मिनकेतन पाणिग्राही, अजय जोशी, वेणुधर पाणिग्राही, वैभव पांडे, चुम्मन पांडे, बलजीत पाणिग्राही, भूपेश पाणिग्राही, श्रीमती जननी पांडे, श्रीमती कुलवती पांडे त्रिवेणी प्रसाद पांडे के आलवा समाज के 100 ग्रामों के सदस्य शामिल हुए।

## आहरण-संवितरण अधिकार पर लगाए गए रोक को हटाये जाने की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

- विधायक ने मुख्यमंत्री को पत्र लिखकर पंचायत प्रतिनिधियों को हो रही दिक्कतों से अवगत कराया



विधायक लखेश्वर बघेल ने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय तथा प्रदेश के मुख्य सचिव को पत्र लिखकर ग्राम पंचायतों-2 की 15वें वित्त आयोग से संबंधित राशि के आहरण-संवितरण अधिकार पर लगाये गये रोक को हटाये जाने की मांग रखी है। विधायक बस्तर ने पत्र में कहा कि त्रि-स्तरीय पंचायती राज व्यवस्था में ग्राम पंचायतों को प्रति वर्ष 15वें वित्त आयोग अंतर्गत राशि आबंटित की जाती है पूर्व वर्ष व इस वर्ष में भी राशि आबंटित किया गया है लेकिन विगत 15-16 माह पूर्व नवगठित ग्राम पंचायतों-2 को आंवटित राशि के आहरण-संवितरण अधिकार पर अज्ञात कारणों से रोक लगा दी गई है।

उन्होंने कहा कि इन नवगठित सभी ग्राम पंचायतों में वे सभी कार्य, गतिविधियां व कार्य व्यवस्थायें प्रारंभ हैं जो अन्य ग्राम पंचायतों में हो रहे हैं। इन सभी नवगठित ग्राम पंचायतों में प्रारंभ के तीन साढ़े तीन वर्ष 15वें वित आयोग सहित सभी मदों, शीर्षों से संबंधित राशि का आबंटन सामान्य रूप से प्राप्त होता था और इन राशियों का आहरण संवितरण अधिकार भी होता था विगत 15-16 माह पूर्व 15वें वित आयोग से संबंधित आंवटित राशि के आहरण-संवितरण अधिकार पर रोक लगाकर शेष सभी मदों व शीर्षों में प्राप्त आंवटन का आहरण-संवितरण हो रहा है।

विधायक ने कहा कि ग्राम पंचायतों -2 द्वारा 15वें वित्त आयोग अंतर्गत दिये गये अपने प्रस्ताव के आधार पर कई कार्य या तो प्रारंभ कर लिये गये अथवा पूर्ण भी कर लिये गये हैं लेकिन इस मद के आहरण-संवितरण की कार्यवाही पर रोक लगा दिये जाने से ग्राम पंचायतें चिंतित हैं। इसमें संलग्न रहे मजदूर व सामग्री सप्लाई से संबंधित दुकानदार राशि भुगतान का दबाव बनाते हुये परेशान कर रहे हैं। स्वाभाविक रूप से यह स्थिति ग्राम पंचायत की सभी गतिविधियों को प्रभावित कर रही है। कई ऐसे ग्राम पंचायतें हैं जहां 15वें वित आयोग की राशि जमा है लेकिन आहरण-वितरण के अधिकार पर रोक लगा दिये जाने से प्रस्ताव अनुसार कोई कार्य नहीं कर पा रहे हैं अर्थात ग्राम पंचायत के विकास से जुड़े कार्य प्रभावित हो रहे हैं। इसे लेकर पंचायत प्रतिनिधि दुःखी व क्षुब्ध हैं। उन्होंने मुख्यमंत्री से कहा कि मेरा आपसे आग्रह है कि आप स्वतः इस गंभीर विषय को संज्ञान में लेकर व वस्तुस्थिति से अवगत होकर ग्राम पंचायत-2 के विकास एवं हितों को ध्यान में रखते हुये तत्काल ही यथोचित आदेश देने की कृपा करेंगे।

## दीपावली मिलन सहित संगठन चुनाव पर चर्चा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

सर्व नाई (सेन) समाज द्वारा आज बैठक का आयोजन किया गया। इस दौरान समाज के सदस्यों ने दीपावली मिलन समारोह सहित संगठन के चुनाव के संबंध में चर्चा किया। संतोषी मन्दिर के समीप समाज के भवन में यह बैठक जिला अध्यक्ष मनोज ठाकुर के उपस्थिति में संपन्न हुई।

इस दौरान जिलाध्यक्ष ने दीपावली मिलन समारोह सहित देव उठनी एकादशी की शुभकामनाएं दी। साथ ही आगामी दिनों में होने वाले समाज के चुनाव के विषय में विचार विमर्श किया गया। इस दौरान सियाराम ठाकुर, भास्कर राव, किशन सेन दशव श्रीवास, अपना राव, गणेश ठाकुर, छन्नू भारद्वाज, महेंद्र श्रीवास, लोचन सेन समेत सदस्य गण मौजूद थे।



### बस्तर में घोला जा रहा जहर : नवनीत



**जगदलपुर।** जनता कांग्रेस छग के सम्भागीय अध्यक्ष नवनीत चांद ने विज्ञप्ति जारी कर आरोप लगाया कि भाजपा के साथ कांग्रेस निजी स्वार्थ और महज ओछी राजनीति के लिए बस्तर में धर्म के नाम पर लड़ाने और भाईचारे को खत्म करने वाली पार्टी कहा है। उन्होंने कहा कि वर्षों से बस्तर का ईसाई समुदाय ब्लेस बस्तर महोत्सव आयोजन की तैयारी कर रहे थे पर इसी आयोजन को जिस तरह असवैधानिक रूप से येन मौके पर सरकार के इशारे पर जिला प्रशासन द्वारा अनुमति निरस्त किया गया। बस्तर में पहले कांग्रेस और अब भाजपा की सरकार, भारतीय संविधान के आर्टिकल 25 से 28 धार्मिक स्वतंत्रता के मौलिक अधिकार को जनमानस के बीच स्थापित करने और उसके संरक्षण करने में आज पर्यंत तक असफल साबित हो रही है।













